हिंदी दैनिक
# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 80 देहरादून, शुक्रवार, 15 सितंबर, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



एसएसपी अजय सिंह की रणनीति से हो रहे माफियाओं के सपने चकनाचूर 3

# ग्लोबल इंवेस्टर समिट उत्तराखंड का दिल्ली में हुआ कर्टेन रेजर

## ITC ने 5000 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव दिया

- महिन्द्रा हॉलीडेज एण्ड रिसोर्ट इण्डिया लिमिटेड के साथ 1000 करोड़
- ई-कुबेर के साथ 1600 करोड़ रुपए के निवेश का एमओयू किया गया
- ईग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 2.5 लाख करोड़ के निवेश का लक्ष्य: सीएम पुष्कर सिंह धामी
- 'पीस टू प्रोसपेरीटी' की टैगलाइन पर दिसंबर में उत्तराखंड में आयोजित होगा ग्लोबल इंवेस्टर समिट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नयी दिल्ली , 15 सितंबर , ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के करटेन रेजर के मौके पर आईटीसी ने 5000 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव उत्तराखंड सरकार को दिया। महिन्द्रा हॉलीडेज एण्ड रिसोर्ट इण्डिया लिमिटेड के साथ 1000 करोड़ और ई-कुबेर के साथ 1600 करोड़ रुपए के निवेश का एमओयू किया गया। पहले ही दिन इतने बड़े निवेश प्रस्ताव पर सहमति यह दिखाती है कि निवेशक उत्तराखण्ड को लेकर कितने ज्यादा उत्सुक हैं और सरकार भी कितनी तत्पर है।महिन्द्रा हॉलीडेज एण्ड रिसोर्ट इण्डिया लिमिटेड उत्तराखण्ड में अगले तीन महीने में 1000 करोड़ के निवेश के साथ विभिन्न स्थानों पर 45 रिजोर्ट स्थापित करने जा रहा है। इससे 1500 लोगो के लिए रोजगार के अवसर खुलेंगे। पूरे देश में यह महिन्द्रा हॉलीडेज एण्ड रिसोर्ट इण्डिया लिमिटेड का किसी भी राज्य में सबसे बड़ा निवेश है।

उत्तराखंड में आगामी दिसम्बर माह में आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर समिट को लेकर नई दिल्ली स्थिति होटल ताजमहल में कर्टेन रेजर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में डेस्टिनेशन उत्तराखण्ड-ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट-2023 के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि उत्तराखण्ड एक युवा राज्य के रूप में तेजी से उभर रहा है जहां उद्योगों के लिए अपार सम्भानाएं हैं। राज्य में ईज आफ डूइंग बिजनेस के साथ-साथ पीस आफ डूइंग बिजनेस भी है। उत्तराखण्ड राज्य में कार्यरत उद्योगों में श्रमिक असन्तोष की घटनायें ना के बराबर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के साथ-साथ सुगम व्यवसायिक वातावरण तैयार करने के विजन के साथ सरकार काम कर रही है। राज्य में विभिन्न क्षेत्रों में निवेश को बढ़ावा देने के लिये विशेष नीतियां लागू करने के साथ ही आकर्षक वित्तीय प्रोत्साहन की व्यवस्था की गई है। इन नीतियों में प्रमुख रूप से पर्यटन नीति-2023, एमएसएमई नीति-2023, स्टार्टअप नीति-2023, लॉजिस्टिक्स नीति-2023, निजी औद्योगिक आस्थानों की स्थापना हेतु नीति-2023 शामिल हैं।






मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड को प्राकृतिक विरासत के साथ राष्ट्र में सबसे तेजी से बढती अर्थ व्यवस्था के रूप में विकसित करने के लिए सरकार संकल्पवद्ध है। राज्य की आर्थिकी को सुदृढ़ करने के लिये सशक्त उत्तराखण्ड मिशन लॉच किया गया है, जिसके तहत अगले 5 वर्षों में राज्य की एसजीडीपी को दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। राज्य द्वारा इस लक्ष्य की प्राप्ति की कड़ी के रूप में उत्तराखण्ड ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट-2023 का आयोजन किया जा रहा है।

मुख्य सचिव डॉ एस.एस.संधु ने बताया कि उत्तराखण्ड निवेश के लिये उद्यमियों के लिए बेहतर डेस्टिनेशन हैं। दिल्ली एनसीआर के नजदीक होने के नाते बेहतर सड़क सुविधाओं के विकास द्वारा यह दूरी शीघ्र ही ढाई घण्टे में पूरी होने वाली हैं। इसी प्रकार हरिद्वार, कोटद्वार, रूद्रपुर, काशीपुर, टनकपुर के लिए भी सड़क सुविधाओं से यहां की दूरी भी कम समय में तय हो सकेगी। पर्यावरण की दृष्टि से भी उत्तराखण्ड उद्योगों के अनुकूल है। हमारे प्रदेश में पानी का कोई विवाद नही हैं बिजली की पर्याप्त उपलब्धता है। राज्य के बेहतर इकोसिस्टम से लोग राज्य के प्रति आकर्षित हो रहे है।

अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने कहा कि राज्य में देश के विभिन्न राज्यों की उद्योग एवं निवेश से संबंधित नीतियों का अध्ययन कर नीति तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक उद्यमी राज्य से जुड़े, इसके लिए उद्योगों के अनुकूल नीतियां एवं सुविधाओं के विकास पर ध्यान दिया जा रहा है।

**लंदन, सिंगापुर, ताइवान में आयोजित किए जाएंगे इंटरनेशनल रोड शो**

उत्तराखण्ड ग्लोबल इंवेस्टर समिट की तैयारियों को उत्तराखण्ड सरकार ने पूरी तरह से तैयार है। समिट को लेकर विदेश में पहला अंतरराष्ट्रीय रोड शो 25 सितंबर से 28 सितंबर तक लंदन में होगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी इसमें शामिल होंगे। इसके बाद अक्टूबर के पहले हफ्ते में सिंगापुर और ताइवान में रोड शो होंगे। वहीं दुबई और आबूधाबी में 16 से 20 अक्तूबर तक रोड शो के जरिये विदेशी निवेशकों को उत्तराखंड में निवेश के लिए आकर्षित किया जाएगा।विदेश में होने वाले रोड शो में राज्य सरकार की ओर से अधिकारियों की टीम भी जाएगी। इसके बाद देश में 03 अक्टूबर को पहला रोड शो दिल्ली में आयोजित होगा, उसके बाद 06 और रोड शो होंगे, जो अहमदाबाद, चंडीगढ़, मुंबई, बेंगलुरू, चेन्नई और हैदराबाद में आयोजित होंगे। राज्य सरकार द्वारा निवेशक सम्मेलन के माध्यम से कम से कम ढाई लाख करोड़ के निवेश का लक्ष्य रखा गया है।

# स्वास्थ्य सचिव का कोटद्वार दौरा, अधिकारियों को लगाई जमकर फटकार

- स्वास्थ्य सचिव को डेंगू के बारे में सही जानकारी नहीं दे पाए अस्पताल के डॉक्टर
- पैथोलॉजी लैब में मिली खामियां, सीएमओ को दिए कड़ी कार्रवाई के निर्देश
- सीएमओ को शहर की पैथोलॉजी लैबों की जांच करने के दिए निर्देश
- बेस अस्पताल के निरीक्षण पर कोटद्वार पहुँचे थे स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार
- स्वास्थ्य सचिव ने किया कोटद्वार मेडिकल कॉलेज के लिए चिंहित भूमि का निरीक्षण

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

कोटद्वार , 15 सितंबर , प्रदेश में डेंगू की रोकथाम को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के क्रम में स्वास्थ्य सचिव लगातार जनपदवार डेंगू प्रभावित इलाकों के साथ ही अस्पतालों का भी दौरा कर रहे हैं। सबसे ज्यादा डेंगू प्रभावित देहरादून और हरिद्वार जनपद के बाद स्वास्थ्य सचिव का काफिला आज पौड़ी जनपद के कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र पहुंचा। जहां स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने कोटद्वार बेस अस्पताल का निरीक्षण किया। कोटद्वार बेस अस्पताल में स्वास्थ्य सचिव को कई खामियां मिली हैं। स्वास्थ्य सचिव आर राजेश कुमार ने सीएमओ पौड़ी डॉ. प्रवीन कुमार को जल्द खामियां सुधारने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान डेंगू आइसोलेशन वार्ड में बेस अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन स्वास्थ्य सचिव के सवालों के जवाब नहीं दे पाए। जिस पर स्वास्थ्य सचिव ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए फटकार लगाई। अस्पताल के निरीक्षण के बाद स्वास्थ्य सचिव आर राजेश कुमार ने कोटद्वार के कलालघाटी में मेडिकल कॉलेज के लिए चिंहित भूमि का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सीएमओ को भूमि की पैमाइश के साथ ही उक्त भूमि के चारों तरफ से बांउड्री बाल करने के निर्देश दिये।

कोटद्वार पहुंचे प्रदेश के स्वास्थ्य सचिव आर राजेश कुमार ने कोटद्वार बेस अस्पताल में इमरजेंसी वार्ड, एमआरआई, एक्सरे समेत डेंगू आईसोलेशन वार्ड का निरीक्षण किया। डेंगू आईसोलेशन वार्ड के निरीक्षण के दौरान वार्ड में भर्ती एक मरीज की प्लेटलेट्स अधिक कम होने पर वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. जेसी ध्यानी और सीएमएस डॉ. विजयेश भारद्वाज से जानकारी ली। स्वास्थ्य सचिव उनके जवाब से संतुष्ट नजर नहीं आये। उन्होंने मरीज के बेहत्तर इलाज के लिए निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने डेंगू वार्ड में भर्ती मरीजों से भी स्वास्थ्य सुविधाओं के बारें में विस्तार से जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल के जच्चा-बच्चा कक्ष में भर्ती महिलाओं और वहां मौजूद आशा कार्यकर्ती से गर्भवती महिलाओं को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि के साथ ही गर्भवती महिलाओं के लिए शुरू की गई योजना से संबंधित जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही आशाओं और संबधित अधिकारियों को लाभार्थियों तक सभी योजनाओं का लाभ पहुंचाने हेतु निर्देशित किया।

**बेस अस्पताल की पैथोलॉजी लैब में मिली खामियां**

इसके बाद स्वास्थ्य सचिव ने अस्पताल की पैथोलॉजी लैब का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लैब में भारी खामियां मिली हैं। लैब में मरीजों के प्लेटलेट्स की रिपोर्ट हाथ से लिखी जा रही थी, जिस पर स्वास्थ्य सचिव ने रिपोर्ट को कम्प्यूटराइज्ड करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा डेंगू को लेकर लिए जाने वाले सैंपल की वाईबिलटी 24 घंटे होती है। रिपोर्ट संदिग्ध लगने पर पुनः पुष्टि करने के लिए सैंपल का उपयोग किया जा सकता है। इससे पहले लैब में इन सैंपलों को एक बार चौक करने के बाद नष्ट कर दिया जा रहा था।

निजी लैबों की जांच के आदेश

स्वास्थ्य सचिव ने सीएमओ पौड़ी प्रवीन कुमार को कोटद्वार शहर की उन लैबों की जांच करने के भी निर्देश दिए हैं, जिनमें डेंगू के टेस्ट हो रहे हैं। स्वास्थ्य सचिव आर राजेश कुमार ने बताया कि जनपद पौड़ी में डेंगू के 121 केस हैं। स्वास्थ्य विभाग जल्द ही डेंगू को लेकर एक वृहद अभियान चलाने जा रहा है, जिसमें स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ नगर निगम समेत अन्य विभागों का साथ आवश्यक हैं।



उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर पांच से अधिक डेंगू के मरीज पाए जाएंगे, वहां कंटेनमेंट जोन बनाया जाएगा। घर-घर जाकर सोर्स रिडक्शन का कार्य किया जाएगा। शुक्रवार से सभी विभाग एक साथ मिलकर डेंगू को लेकर महाअभियान चलाने जा रहे हैं, जिसमें जिलाधिकारी आशीष चौहान और सीएमओ पौड़ी डॉ. प्रवीन कुमार को निर्देशित किया गया है। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रवीण कुमार, डॉ पंकज सिंह, कार्यक्रम अधिकारी एनएचएम, डॉ विजयेश भारद्वाज, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सौरभ सैनी, नगर आयुक्त वैभव गुप्ता, सहायक नगर अधिकारी अजहर अली, मौजूद रहे।

वहीं स्वास्थ्य सचिव ने अपने कोटद्वार दौरे के दौरान स्थानीय लोगों, समाजसेवियों व विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की। बेस अस्पताल से संबंधित उनकी समस्याओं को सुना तथा उनके सुझावों पर अमल का भरोसा दिया। इस दौरान कोटद्वार भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत और नगर अध्यक्ष पंकज भाटिया ने भी स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार से मुलाकात की। भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत ने कहा कि कोटद्वार बेस अस्पताल में डेंगू को लेकर चिकित्सकों द्वारा गंभीरता से इलाज न करने के बात कही। जिस पर स्वास्थ्य सचिव ने जल्द अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुधारने के और सभी मरीजों को बेहत्तर इलाज के लिए उन्हें आश्वस्त किया।

# 'गौरीकुंड' जहाँ शिव ने काटा था पुत्र गणेश का सिर





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 15 सितंबर , गौरीकुंड उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित हिंदुओं का बहुत ही पूजनीय धार्मिक स्थलों में से एक है। इस कुंड का संबंध माता पार्वती जो कि भगवान शिव की अर्धांगिनी है। उनसे संबंध रखता है। माता पार्वती का एक नाम मां गौरी भी है। केदारनाथ आने वाले भक्तों के लिए मोटर मार्ग का यह आखिरी पड़ाव गौरीकुंड है।यही से भक्तगण केदारनाथ में वासुकी ताल के लिए ट्रैक शुरू करते हैं। गौरीकुंड केदारनाथ ट्रैक पर आने वाला एक मुख्य पड़ाव है। गौरीकुंड धार्मिक मान्यताओं को देखते हुए यहां भक्तगण केदारनाथ जाते समय गौरीकुंड में स्नान करते हैं तथा केदारनाथ के दर्शन के लिए जाते हैं गौरीकुंड का सीधा संबंध माता गौरी से है। इसके पीछे अलग-अलग कथाएं जुड़ी है। गौरीकुंड एक विशेष पड़ाव है यहां तक आप वाहन से जा सकते हैं इससे आगे का मार्ग लगभग 16 किलोमीटर का पैदल मार्ग है जहां आप घोड़ों का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

गौरीकुंड के लिए दो कथाएं काफी परिचय देते हैं। माता पार्वती से पहले उनका शक्ति का जन्म हुआ था।जिसमें उन्होंने राजा दक्ष की पुत्री का रूप रखा था। उनका नाम माता सती था। भगवान शिव विवाह के पश्चात दक्ष अपने घर यज्ञ करवा कर सभी देवी देवताओं को यज्ञ में बुलाया। परंतु भगवान शिव को नहीं बुलाया।भगवान शिव से लड़कर माता सती अपने पिता के यहां यज्ञ में बिना बुलाए जा पहुंची। राजा दक्ष के द्वारा भगवान शिव का अपमान किए जाने के बाद माता सती ने यज्ञ कुंड की अग्नि में आत्मदाह कर दिया था। इससे भगवान शिव ने राजा दक्ष का वध कर दिया था। इसके बाद भगवान शिव लंबी साधना के लिए चले गए थे। इसके कुछ वर्ष के पश्चात माता शक्ति का हिमालय पुत्री के रूप में पुनर्जन्म हुआ। जिससे उनका नाम पार्वती पड़ा। माता पार्वती ने भगवान को प्रसन्न करने के उद्देश से इस स्थान पर बैठकर वर्षों तक कठोर तपस्या की थी।इसके बाद भगवान शिव माता पार्वती से विवाह करने को तैयार हो गए थे।

15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित त्रियुगीनारायण मंदिर में हुआ था। यहां आज भी वह अग्नि जलती रहती है। मंदिर में कुंड की अग्नि जहां पर भगवान शिव और पार्वती का विवाह हुआ था। वह आज भी उसी प्रकार जल रही है। दूसरी कथा के अनुसार कहा जाता है। कि गणेश माता पार्वती जी के पुत्र के रूप में माने जाते हैं। उन्होंने अपने शरीर की मेल से उनका निर्माण किया था।माता पार्वती इस कुंड में स्नान करने जा रही थी।तब उन्होंने गणेश को द्वारपाल के रूप में नियुक्त किया था। वह किसी को भी अंदर नहीं आने देने को कहा था।जब माता पार्वती अंदर स्नान कर रही थी।

तब भगवान शिव वहां पहुंचे।माता पार्वती की आदेश के अनुसार गणेश ने भगवान शिव को अंदर जाने से मना कर दिया। इससे क्रोधित होकर शिव ने गणेश जी का मस्तक धड़ से अलग कर दिया। बाद में माता पार्वती के रुष्ट हो जाने पर भगवान शिव ने एक हाथी के सर को गणेश जी के मस्तक में जोड़कर उन्हें जीवित कर दिया। गौरीकुंड की एक विशेषता यह भी जानी जाती है कि यह झील का पानी गर्म होता है। भक्ति जब भी केदारनाथ जाते हैं तो यहां स्नान करके जाते हैं। इसका सबसे ज्यादा महत्व इसलिए भी है क्योंकि कितनी भी ठंड क्यों ना हो झील का पानी हमेशा गर्म ही रहता है।

केदारनाथ में वह विकराल 2013 का भयानक प्राकृतिक आपदा को कौन नहीं जानता।उसे आसपास के स्थान को नष्ट कर दिया था। इसमें गौरीकुंड भी एक था। पहले जो सरोवर यहां हुआ करता था ।अब उसकी जगह पानी का एक पतला धार यहां होता है। इसके साथ ही सरकार के द्वारा यहां पाइप की सहायता से गौरीकुंड का गर्म पानी उपलब्ध कराया जाता है। यहां पर माता पार्वती को समर्पित गौरी मंदिर भी है। केदारनाथ जाने वाले भक्त पहले माता गौरी के मंदिर जाकर माता पार्वती का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। इसके बाद आधा किलोमीटर दूर सिर काटा मंदिर है। जो भगवान गणेश को समर्पित है।

# अंग्रेजों के जमाने की डबल डेकर बस का अंतिम सफर




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 15 सितंबर , अंग्रेजों के जमाने की 86 साल पुरानी डबल डेकर बसों की विदाई तय हो गई है। मुंबई की सड़कों पर डबल डेकर बस अपने आखिरी सफर पर दौड़ेगी। वहीं इस बस को म्यूजियम में रखकर संग्रहित करने भी तैयारी है। 15 सितंबर को इस बस को आखिरी सफर पर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। इसके बाद यह बस मुंबई की सड़कों पर दिखाई नहीं देगी। बस की संचानन मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट द्वारा किया जाता है।

1937 से दौड़ रही थीं डबल डेकर बसें

5 अक्टूबर को ओपन टॉप नॉन-एसी डबल डेकर बस भी बंद हो जाएगी। डबल डेकर बसें 1937 में दौड़ने लगी थीं। ओपन टॉप डबल डेकर बसें 26 जनवरी 1997 महाराष्ट्र पर्यटन विकास निगम द्वारा शुरू की गईं। मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट (MEST) के एक अधिकारी ने बताया कि इन बसों को 15 साल की सेवा के बाद स्क्रैप बना दिया जाता है, लेकिन अब आगे इन बसों को शुरू करने की योजना नहीं है। इसका मतलब यह है कि डबल डेकर बसें बंद की जा रही हैं।

इलेक्ट्रिक बसें शुरू करने की योजना

मुंबई प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि इन बसों की जगह एसी से युक्त डबल डेकर इलेक्ट्रिक बसें शुरू करने की योजना है। 900 बसों का ऑर्डर दिया जा चुका है। 16 बसें पहले से दौड़ रही हैं। 8 और बसें जल्द से जल्दी बेड़े में शामिल हो जाएंगी। पिछले कुछ सालों में मुंबई रोडवेज के बेडे में डबल डेकर बसों की संख्या कम हुई है। 120 बसें थीं, जो कोरोना काल के बाद 7 ही रह गईं। इनमें से 4 आम लोगों के लिए दौड़ रही हैं। वहीं 3 बसें मुंबई दर्शन सेवा दे रही हैं।बता दें कि इस समय शहर में 3 हजार से अधिकर बसें दौड़ रही हैं, जिनका औसतन 30 लाख लोग रोज इस्तेमाल करते हैं।

# उत्तराखंड में लगती है भोटिया कुत्तों की बाजार



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 15 सितंबर , उत्तराखंड के कुमाऊं जनपद में एक मेला ऐसा भी है, जिसके प्रमुख आकर्षकों में यहां लगने वाली डॉग मार्केट है। इस मेले में खास तौर पर भोटिया कुत्तों को खरीदने के लिए बड़ी संख्या में तमाम जनपदों से डॉग लवर्स पहुंचते हैं। यहां बिकने वाले कुत्तों की कीमत 02 हजार से 25 हजार के बीच रहती है। उल्लेखनीय है कि बागेश्वर में प्रति वर्ष 14 जनवरी से लगने वाले उत्तरायणी मेले के दौरान लगने वाली बाजार में काफी संख्या में पहाड़ी जनपदों से डॉग ब्रीडर्स पहुंचते हैं। यह व्यापारी मेला अवधि में बागेश्वर बाछम, पिंडारी, खाती, झूनी, पेठी, बदियाकोट, मुनस्यारी, दानपुर आदि ठंडे इलाकों से आते हैं।

इन व्यापारियों के पास भोटिया, जुमररिया और देशी कुत्ते बिक्री के लिए रहते हैं।भोटिया बाजार में कुत्तों को खरीदने के लिए ग्राहकों की बड़ी भीड़ उमड़ती है। इसके बावजूद इन कुत्तों की खरीद के लिए काफी मोल-भाव करना पड़ता है। इसके अलावा कुत्तों की खरीद के समय किसी जानकार व्यक्ति को अपने साथ ले जाना चाहिए। कई बार भोटिया कुत्तों की सही पहचान नहीं होने पर लोग यहां ठगे भी जाते हैं। पहाड़ी भोटिया कुत्ता एक बेहद ताकतवर और होशियार नस्ल है। इसके शुद्ध प्रजाति उत्तराखंड के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में पायी जाती है। वहीं, निचले पहाड़ों और मैदानी इलाकों में जो भोटिया कुत्ते पाये जाते हैं वह एक मिक्स ब्रीड होती है, जिन्हें कहीं से भी ऑरिजनल नस्ल (original breed) नहीं कहा जा सकता है।

उत्तराखंड में इन्हें लोग मुख्यतः अपने मवेशियों की सुरक्षा के लिए पालते हैं। यही कारण है कि डॉग एक्सपर्ट इन्हें एक वॉच डॉग (चौकीदार) की श्रेणी में रखते हैं। पहाड़ों में भेड़-बकरियों की सुरक्षा यह बेखूबी करते हैं। कई गांवों में चारवाहों के साथ हजारों भेड़-बकरियों के साथ-साथ यह चलते हैं और बाघ, गुलदार जैसे हिंसक वन्य जीवों से मवेशियों की सुरक्षा करते हैं। भोटिया कुत्ते दरअसल तिब्बतन मस्तिफ (tibetan mastiff) की ही एक प्रजाति है। यह मुख्यतः काले रंग के होते हैं। इनका जबड़ा भारी, बदन गठीला होता है। इनकी सबसे बड़ी पहचान ही इनका शांत स्वभाव है। यह दिन के समय निष्क्रिय और रात गहराने पर ज्यादा सक्रिय हो जाते हैं। ठंड इनकी आराम से कटती है,





जबकि गर्मी इन्हें काफी परेशान करती है।

अमूमन समाज में भोटिया कुत्तों को लेकर काफी मिथक भी हैं। सोशल मीडिया में इन्हें 'बाघ' का शिकारी तक कहकर प्रचारित किया जाता रहा है, जो बिल्कुल भी सत्य नहीं है। सच्चाई तो यह है कि भोटिया कुत्ते बहुत निडर होने के साथ शांत भी होते हैं। यह अकारण किसी पर हमला नहीं करते, लेकिन खतरा महसूस होने पर बाघ या गुलदार से भिड़ जाते हैं। इसके बावजूद यह बाघ यानी टाइगर का कतई मुकाबला नहीं कर सकते।

# SDM घनसाली एसएस नेगी ने स्कूली बच्चों को दी सीख



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

घनसाली , 13 सितंबर , उप जिलाधिकारी घनसाली एसएस नेगी अचानक जवाहर नवोदय विद्यालय पोखल जनपद टिहरी गढ़वाल पहुंचे जहाँ उन्होंने आकस्मिक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान विद्यालय में प्रधानाचार्य सहित समस्त स्टाफ उपस्थित मिले और विद्यालय में नामांकित छात्र-छात्राएं उपस्थिति पाई गई। निरीक्षण के दौरान सायंकालीन उपस्थित ली जा रही थी ।निरीक्षण के दौरान उप जिला अधिकारी घनसाली ने छात्र-छात्राओं को कैरियर निर्माण एवं किशोरावस्था में आने वाली कठिनाइयों के संबंध में संवेदनशील रहते हुए मेहनत एवं लगन से कार्य करने की प्रेरणा दी ।

विद्यालय प्राचार्य आदेश कुमार शर्मा द्वारा विद्यालय की गतिविधियों की जानकारी उप जिला अधिकारी घनसाली को दी गई । उप जिलाधिकारी घनसाली द्वारा छात्र-छात्राओं के हॉस्टल का निरीक्षण किया गया तथा हॉस्टल में छात्र-छात्राओं को मिल रही सुविधाओं एवं कठिनाइयों का भी निरीक्षण किया गया। छात्र छात्राएं हॉस्टल में खुश नजर आई तथा उनके द्वारा कोई भी परेशानी ना होना बताया गया ।

निरीक्षण के दौरान उपजिला अधिकारी घनसाली एसएस नेगी ने हॉस्टल के मेस तथा किचन का निरीक्षण किया गया । किचन तथा मेस में साफ सफाई तथा सभी व्यवस्थाएं उचित पाई गई । उप जिला अधिकारी घनसाली द्वारा किचन प्रभारी तथा अन्य स्टाफ को निर्देशित किया गया कि भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई तथा भोजन के अपव्यय को रोकने पर विशेष ध्यान दिया जाए। उप जिलाधिकारी घनसाली द्वारा बच्चों के रिमेडियल टीचिंग का भी निरीक्षण किया गया तथा सभी शिक्षकों को कमजोर छात्राओं पर विशेष ध्यान केंद्रित करने के निर्देश दिए गए। उप जिलाधिकारी घनसाली द्वारा हॉस्टल में छात्र-छात्राओं को मिल रहे रात्रि भोजन को ग्रहण किया गया।

# क्षतिग्रस्त सड़क का निरीक्षण कर मंत्री गणेश जोशी ने दिए आदेश



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 15 सितम्बर , कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कंडोली पहुंचकर बारिश से हुए नुकसान का संबंधित अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। मंत्री ने कंडोली खाला में बारिश से क्षतिग्रस्त हुई पुलिया तथा कड़ोली की क्षतिग्रस्त हुई सड़क मार्ग का मौका मुआयना कर लोक निर्माण विभाग तथा बिजली विभाग के अधिकारियों के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। स्थानीय लोगों द्वारा मंत्री गणेश जोशी को अवगत कराया गया कि बारिश के कारण कड़ोली खाला की पुलिया और सड़क क्षतिग्रस्त होने के कारण क्षेत्र वासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने मंत्री को यह भी अवगत कराया कि पुलिया के पास बिजली विभाग का पॉल है जिससे कभी भी दुर्घटना हो सकती है। मंत्री गणेश जोशी ने मौके पर उपस्थित बिजली विभाग के अधिकारियों को तत्काल बिजली का पॉल दूसरी जगह सिफ्ट करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को कंडोली के सड़क मार्ग को शीघ्र अति शीघ्र निर्माण कार्य शुरू करने के भी निर्देश दिए। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा बरसात के कारण बरसाती नाले और पानी की निकासी के लिए निकट भविष्य काल में दीर्घकालिक योजना बनाकर कार्य करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर पीडब्ल्यूडी अधिशासी अभियंता जितेंद्र त्रिपाठी, महानगर महामंत्री सुरेंद्र राणा, अजय कार्की, मनोज कार्की, सकुंतला जोशी, भगवान सिंह कैड़ा, मानवेंद्र सती आदि उपस्थित रहे।

# हरिद्वार लोकसभा जीतेगी समाजवादी पार्टी : राजेन्द्र चौधरी



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हल्द्वानी , 15 सितंबर , समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने काठगोदाम में कहा कि उत्तराखण्ड राज्य को बने 23 साल पूरे होने वाले हैं। लेकिन यहाँ कि सरकार अभी तक भी आर्थिक रूप से आत्म निर्भर नहीं हो पाई है ।डबल इंजन की सरकार होने का दावा करने वाली सरकार २ वर्ष में भी पलायन नहीं रोक पाई है पहाड़ों में गाँव के गाँव ख़ाली पड़े हैं।ख़ाली पड़े भवन ज़र- ज़र हालत में हैं। उन्होंने कहा अखिलेश यादव की उ० प्र० की सरकार में प्रदेश का सबसे बड़ा एक्सप्रेसवे लखनऊ से आगरा लग- भग २५ किमी० का २ माह से भी कम समय में तैयार हो गया था ।जिसकी प्रशंसा केंद्रीय मन्त्री नितिन गडकरी ने भी की थी ।

उन्होंने कहा भाजपा को आम जनता के दुःख दर्द से कोई लेना देना नहीं है ।जुमले बाज़ो की यह सरकार विकास की बात तो करती है। लेकिन विकास नहीं करती भाजपा की सरकारें जनता को गुमराह करने वाली ही सरकारें साबित हुई हैं ।उन्होंने अग्निवीर योजना पर भी तंज़ कसते हुए कहा की जिस व्यक्ति को मात्र ४ वर्ष की नौकरी मिलेगी वह अपना बाक़ी जीवन कैसे काटेगा जबकि उत्तराखण्ड से अधिकांश परिवारों से लोग सेना में ही भर्ती होते हैं और उनके परिवार की आजीविका उनके वेतन और पेंशन पर ही निर्भर है ।उत्तराखण्ड ऊर्जा प्रदेश होने के बावजूद अघोषित विद्युत कटौती व महँगी बिजली से जूझ रहा है। सपा के उत्तराखण्ड संगठन के बारे में उन्होंने कहा सपा जल्द ही तीसरे विकल्प के रूप में दिखेगी सपा उत्तराखण्ड प्रभारी अब्दुल मतीन सिद्दीक़ी के नेतृत्व में संगठन के सभी लोग मेहनत से कार्य कर रहे हैं ।

लोक सभा में भी हरिद्वार व नैनीताल लोक सभा में पार्टी की स्तिथि मज़बूत है ।२००४ में भी हरिद्वार से सपा का सांसद जीत चुका है ।उन्होंने उत्तराखण्ड की जनता से भी अपील की है। कि २ वर्षों में उत्तराखण्ड की वर्तमान एवं पूर्व की सरकारों ने केवल जनता को ठगने व प्रदेश को लूटने का काम किया है ।इसलिए जनता को इस बार समाजवादी पार्टी को मोका देना चाहिये । क्योंकि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव युवा होने साथ-साथ अनुभवी भी है। उनके उ० प्र० के कार्यकाल में सस्ती शिक्षा के साथ-साथ मुफ़्त चिकित्सा बेरोज़गारी भत्ता, महिला पेंशन,छात्र, छात्राओं को लैपटॉप, साइकिल,और अन्य तमाम सुविधायें दी गई थी। अंत में उन्होंने कहा देश की दशा और दिशा बदलने के लिये एक बार फिर से समाजवाद लाने की आवश्यकता है।

इस दौरान मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी उत्तराखण्ड के प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीक़ी, उपाध्यक्ष सुरेश परिहार एडवोकेट, मधुकर त्रिवेदी, देवेन्द्र यादव लखनऊ पार्षद,कुलदीप भुल्लर, संजय सिंह,अरविन्द यादव,जावेद सिद्दीक़ी ,भगवती प्रसाद त्रिकोटी,अरशद अय्यूब, उमैर मतीन, इस्लाम मिकरानी, सहित दर्ज़नों कार्यकर्ता मोजूद्र थे।

# एसएसपी अजय सिंह की रणनीति से हो रहे माफियाओं के सपने चकनाचूर



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हरिद्वार 15 सितम्बर : एसएसपी अजय सिंह द्वारा बेनामी संपत्ति जोड़ने वाले माफियाओं पर लगाम लगाकर समाज को सशक्त एवं सकारात्मक संदेश देने के सम्बन्ध में दिए गए निर्देश पर हरिद्वार पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही के सकारात्मक पहलू लगातार नजर आ रहे हैं। ताजा मामला गैंग लीडर राजा उर्फ इरफान पुत्र अशरफ से जुड़ा है। गैंगस्टर राजा द्वारा अपने गैंग के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी से सम्पत्ति अर्जित कर अपनी पत्नी के नाम पर दादूपुर रुड़की में 01 प्लाट क्रय किया गया था तथा खुद के नाम पर एक वाहन (महेन्द्रा बोलेरो) क्रय किया गया था। वर्तमान में राजा के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत 18, एनडीपीएस एक्ट में 02 तथा अन्य भा.द.वि. में 01 मुकदमा दर्ज है।

गैंग लीडर राजा उर्फ इरफान एवं उसके गैंग के विरुद्ध कोतवाली रानीपुर पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए धारा 14 उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत कार्यवाही करते हुए प्रेषित की गई रिपोर्ट का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी हरिद्वार द्वारा उक्त भूखण्ड एवं चारपहिया वाहन को कुर्क करने का आदेश जारी करते हुए तहसीलदार हरिद्वार को अचल सम्पत्ति का प्रशासक नियुक्त किया गया है। साथ ही चल सम्पत्ति वाहन (बोलेरो) को थाने दाखिल किए जाने हेतु प्रभारी निरीक्षक रानीपुर को नामित किया गया है।

# फ्रांसिस्को सर्दिनहा के नेतृत्व में तुषार गुप्ता ने गोवा एयरपोर्ट अधिकारियों को दिए गुरुमंत्र





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

गोवा,14 सितंबर । गोवा एयरपोर्ट पर अब सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के व्यवहार में अब आपको काफी सुधार देखने को मिलेगा,चेयरमैन फ्रांसिस्को सर्दिनहा के सख्त तेवर और तुषार गुप्ता की पैनी नज़र ने एयरपोर्ट पर लापरवाहियों को लेकर एक बड़ी मीटिंग का आयोजन किया और उनके सुधार के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए।

एयरपोर्ट पर खाने पीने की नक़ली और मिलावटी वस्तुओं पर नकेल कसने के लिए तुषार गुप्ता की सोच अब परवान चढ़ती नज़र आ रही है,पूरी मीटिंग में तुषार गुप्ता की नाराज़गी से एयरपोर्ट अधिकारियों की सांसे अटकी रही।गोवा में एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया गोवा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट डब्लिम एडवाइजरी कमेटी की मीटिंग हुई जिसमे चेयरमैन / सांसद साउथ गोवा फ्रांसिस्को सर्दिनहा , गोवा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट डायरेक्टर , मनोनीत सदस्य तुषार गुप्ता समिति अन्य अधिकारी व सदस्य ने हिस्सा लिया । इस दौरान डब्लिम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के विषय पर चर्चा।हुई साथ ही यात्रा करने वाले यात्रियों को और क्या सुविधा दे सकते है अच्छी इस पर बातचीत हुई सभी से सुझाव लिए गये क़रीब एक घंटे चली हाई लेवल मीटिंग ।

# उत्तराखंड : सरकारी ऑफिस में ड्रेस कोड लागू, जींस-टीशर्ट, स्पोर्ट्स शूज में एंट्री बंद

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 15 सितम्बर : कुछ महीने पहले उत्तराखंड के मंदिरों में ड्रेस कोड लागू कर दिया गया। श्रद्धालुओं से कहा गया कि वो शालीन वेशभूषा में ही दर्शनों को आएं, अब मंदिरों के लिए लागू ये नियम दफ्तरों में भी लागू किया जा रहा है। पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखंड लिमिटेड (पिटकुल) प्रबंधन ने इसकी शुरुआत की है। पिटकुल ने कर्मचारियों के ऑफिस में जींस-टीशर्ट, स्पोर्ट्स शूज पहनकर आने पर रोक लगा दी है। सभी को ड्रेस कोड के हिसाब से दफ्तर आने के लिए कहा गया है। पिटकुल के महाप्रबंधक मानव संसाधन अशोक कुमार जुयाल की ओर से बीते दिन सभी अधिकारियों को इस संबंध में आदेश जारी किए गए।

आदेश में में कहा गया कि कई अधिकारी जींस, टीशर्ट व स्पोर्ट्स शूज पहनकर कार्यालय आ रहे हैं। शासन व अन्य स्तर पर होने वाली बैठकों में भी वह इन्हीं परिधानों में शामिल हो रहे हैं, जो कि स्वस्थ कार्य संस्कृति का परिचायक नहीं है। इससे निगम की छवि धूमिल होती है। अब पिटकुल ने पुरुष और महिला कर्मचारियों के लिए ड्रेस कोड लागू किया है। पुरुष अफसरों से कहा गया है कि वो पैंट-शर्ट व चमड़े के जूते पहनकर दफ्तर आएं, जबकि महिला अधिकारी व कर्मचारी को सूट या साड़ी आदि परिधान पहनकर दफ्तर आने के निर्देश दिए गए हैं।

अधिकारियों से कहा गया है कि वो दफ्तर से बाहर शासन या अन्य स्तर पर होने वाली बैठकों में भी इसी ड्रेस कोड में शामिल हों। कुल मिलाकर पिटकुल ने दफ्तर में जींस-टीशर्ट और स्पोर्ट्स शूज पहनकर आने पर बैन लगा दिया है। आने वाले दिनों में उत्तराखंड के दूसरे दफ्तरों में भी इसी तरह का ड्रेस कोड रूल देखने को मिल सकता है।



# नेतागिरी के चक्कर में नप गए दरोगा जी !

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 15 सितंबर , पुलिस विभाग के एक दरोगा ने चुनाव लड़के लिए भाजपा और कमल वाले पोस्टर लगवा डाले जिसके बाद विभाग ने उन्हें तत्काल नाप दिया। दरअसल दरोगा जी भाजपा के सहारे राजनीति में आना चाहते हैं इसके लिए उन्होंने वर्दी पहने फोटो में ही चुनाव के लिए अपना बायोडेटा भेज दिया है। एसएचओ की इस हरकत पर एसपी ने उन्हें लाइन हाजिर कर दिया. जिसके बाद दरोगा ने वीआरएस लेने का फैसला किया और आईजी को आवेदन दे दिया. आवेदन में एसएचओ दरोगा ने लिखा है कि वह अब समाजसेवा करना चाहता है.

भाजपा संगठन को भेजा बायोडाटा

दरअसल राजस्थान के वैर थाने में पदस्थ एसएचओ प्रेम सिंह भास्कर ने राजस्थान बीजेपी इकाई को एप्लीकेशन दी है जिसमें उन्होंने धौलपुर के बसेड़ी से चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की. एसपी मृदुल कच्छावा को इस बात की जानकारी लगी तो उन्होंने कार्रवाई करते हुए एसएचओ को लाइन हाजिर कर दिया. दरोगा प्रेम सिंह ने लेटर में लिखा है कि वह पुलिस विभाग में करीब 34 साल की सेवा दे चुके हैं. अब वह समाजसेवा करना चाहते हैं इसलिए नियमानुसार ऐच्छिक सेवानिवृत्ति दी जाए. उन्होंने खुद के बुजुर्ग होने की बात भी लेटर में लिखी है और समाजसेवा की राह पर चलने की इच्छा जाहिर की है.

**पोस्टर छपवाए**

दरोगा प्रेम सिंह भास्कर जिले के 6 थानों में पदस्थ रह चुके हैं और अब वे राजनीति में आना चाहते हैं. एसएचओ ने संभावित उम्मीदवार के रूप में अपने पोस्टर भी छपवाए हैं और उन्हें विधानसभा के कुछ जगहों पर बंटवाया भी है. एसएचओ ने इस पोस्टर में जो फोटो छपवाई है, वह वर्दी में है. इसी पर विभाग को आपत्ति हुई है. वहीं एसपी ने कहा कि उन्हें दरोगा की राजनीतिक गतिविधियों के बारे में पता चला है, इस पर वह विभागीय नियमानुसार कार्रवाई करेंगे.



# खेलों में विजेता बनेगा भारत : अलकनंदा अशोक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 15 सितंबर , भारतीय ओलिंपिक संघ (आईओए) ने मंगलवार को चीन के शहर हांग्जो में 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक होने वाले आगामी एशियाई खेलों में हिस्सा लेने वाले भारतीय दल के लिए उद्घाटन और समापन समारोहों में पहने जाने वाले ऑफिशियल पोशाक और प्लेअर किट का अनावरण किया। इस अवसर पर भारतीय ओलिंपिक संघ की संयुक्त सचिव अलकनंदा अशोक ने टीम के खिलाड़ियों को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए शुभकामनायें दी।

**डीजीपी अशोक कुमार की पत्नी हैं संयुक्त सचिव अलकनंदा अशोक**

आपको बता दें कि आईओए ने भारतीय खिलाड़ियों को शुभकामनाओं सहित चीन विदा करने के लिए एक शानदार विदाई समारोह भी आयोजित किया। इस समारोह में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा मामले एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर, आईओए अध्यक्ष और प्रसिद्ध धाविका पीटी उषा के साथ-साथ भारतीय ओलिंपिक संघ की संयुक्त सचिव अलकनंदा अशोक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

इस समारोह में भारतीय हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश (पुरुष), सविता पुनिया (महिला), युवा शूटिंग स्टार मनु भाकर और 2018 एशियाई खेलों के शॉटपुट स्वर्ण पदक विजेता तजिंदरपाल सिंह तूर ने भारतीय दल का प्रतिनिधित्व किया। इन सबके अलावा कई अन्य खेलों से जुड़े एथलीट भी समरोह में उपस्थित थे। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (निफ्ट) द्वारा विशेष रूप से डिजाइन की गई, समारोह में पहने जाने वाली पोशाक में महिलाओं के लिए खाकी बनावट वाली साड़ी और पुरुष खिलाड़ियों के लिए खाकी कुर्ता शामिल है।



# खेल अवस्थापना विकास पर सरकार बढ़ाने जा रही सब्सिडी : रेखा आर्या

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 15 सितंबर , राज्य में खेल और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है। अब इसी के तहत एक कदम और आगे बढ़ाते हुए सरकार ने खेल अवस्थापना के विकास पर मिलने वाली सब्सिडी को बढाने का फैसला लिया है। खेल मन्त्री रेखा आर्या ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में खेल और खिलाड़ियो के हितों के लिए हर संभव काम किये जा रहे है।अब इसी के तहत खेल अवस्थापना विकास पर जो सब्सिडी पूर्व में दी जाती थी उसे बढ़ाया जाएगा ।अब खेल सुविधा के विकास पर पहाड़ में 70 फीसदी, जबकि मैदान में 50 फीसदी सब्सिडी दी जाएगी जिसका प्रस्ताव बनाकर जल्द ही कैबिनेट की बैठक में लाया जाएगा।

बता दे कि राज्य सरकार वर्ष 2016 में निजी निवेशकों को खेल अवस्थापना के क्षेत्र से जोड़ने के लिए खेल अवस्थापना नीति लागू की थी लेकिन इसका लाभ सही प्रकार से नही मिल पा रहा था।पूर्व में खेल अवस्थापना में जो नीति लागू की गई थी वह बेहद जटिल थी जिसका लाभ सही प्रकार से खिलाड़ियो को नही मिल पा रहा था ऐसे में अब इसमें संशोधन करने की आवश्यकता महसूस की जा रही थी जिसके तहत जल्द ही हम कैबिनेट बैठक में खेल सुविधा के विकास पर मिल रही सब्सिडी को बढ़ाने जा रहे है जिससे निश्चित ही खेल व खिलाड़ियो के लिए यह कारगर साबित होगा।

खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि खेलो को बढ़ावा देने के लिए सरकार हर संभव काम कर रही है। राज्य के प्रतिभाशाली और उभरते हुए खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति देने की योजना शुरू की थी। इसी क्रम ने खेल और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए नई खेल नीति लाई गई जिसमे बड़े प्रावधान किए गए है ताकि उत्तराखंड खेल के क्षेत्र में मॉडल बने। कहा कि आज उत्तराखंड के खिलाड़ियों का दैनिक भोजन भत्ता जो पूर्व में 250 रुपए था उसे बढ़ाकर भारतीय खेल प्राधिकरण की तरह 480 रुपए प्रतिदिन प्रति खिलाड़ी किया गया है।साथ ही अब राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले उत्तराखंड के खिलाड़ियों को एसी बस और थर्ड एसी रेल कोच में सफर की सुविधा भी दी जाएगी।वहीं हम अपने 14 से 23 वर्ष के बच्चों को प्रतिमाह 2 हजार की धनराशि उपलब्ध कराने जा रहे हैं।



# शौचालय विहीन परिवारों का चिन्हीकरण एवं सत्यापन करें : उदयराज सिंह

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रूद्रपुर 15 सितम्बर, जनपद में व्यक्तिगत शौचालय निर्माण हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों को दो सप्ताह के भीतर भौतिक सत्यापन कराना सुनिश्चित करें। यह निर्देश जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने जिला कार्यालय सभागार में देर रात्रि बैठक लेते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को दिये।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिये कि जनपद में लम्बित 7320 आवेदन पत्रों को ग्रामवार सम्बन्धित क्षेत्रों के ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों के पास सत्यापन हेतु तत्काल भेजा जाये ताकि शौचालय विहीन परिवारों का चिन्हीकरण एवं सत्यापन किया जा सके। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सितम्बर माह के अन्त में ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों के कार्यों की भी समीक्षा की जायेगी। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि स्वजल से सम्बन्धित कार्यों की एमबी ग्रामीण निर्माण विभाग तथा मनरेगा जेई से भी कराई जा सकती है।




उन्होंने निर्देश दिये कि स्वच्छता प्रहरी के तौर पर महिला स्वयं सहायता समूहों को शामिल करने के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जाये। उन्होंने सभी कन्सलटेन्ट को स्पष्ट निर्देश दिये के वे पंचायतीराज, ग्राम्य विकास तथा स्वजल के साथ बेहतर समन्वय से कार्य करना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, परियोजना निदेशक डीआरडीए हिमांशु जोशी, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, गौरव पाण्डे, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत तेज सिंह, सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी महेश कुमार आदि उपस्थित थे।

# टिहरी झील पर रोमांचक खेल शुरू, मंत्री सुबोध उनियाल ने किया शुभारंभ



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

टिहरी 15 सितम्बर : टिहरी झील में चार दिवसीय वाटर स्पोर्ट्स कप का आगाज हो गया है। वन मंत्री सुबोध उनियाल, विधायक किशोर उपाध्याय, जिला पंचायत अध्यक्ष सोना सजवाण ने वाटर स्पोर्ट्स कप उद्घाटन किया प्रतियोगिता में कयाकिंग एवं केनोइंग खेलों में देश के कई प्रांतों के खिलाड़ी प्रतिभा का प्रदर्शन करने पहुंचे हैं।टीएचडीसी इंडिया के सौजन्य अयोजित प्रतियोगिता में गोवा में होने वाले 37वें ओपन राष्ट्रीय खेलों के लिए उत्कृष्ट वरिष्ठ वर्ग के पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि टिहरी झील में दूसरी बार ऐसे खेलों का आयोजन किया जा रहा है इन खेलों से राष्ट्रीय पटल पर न केवल टिहरी की पहचान बनेगी, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों के माध्यम से राज्य के युवाओं में ऊर्जा का संचार होगा। राष्ट्रीय स्तर के इस खेल का आयोजन करना उत्तराखंड राज्य एवं टीएचडीसी के लिए गौरव का विषय है।

# उत्तराखंड के IAS अफसरों सावधान !

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 15 सितंबर , उत्तराखंड की सीनियर आईएएस मनीषा पंवार के आधार कार्ड और मोबाइल नंबर इस्तेमाल कर साइबर ठगी की हिमाकत करने ने चौंका दिया है। बताया जा रहा है कि उनके नाम पर मुंबई से मलेशिया के लिए पार्सल बुक कर दिया गया. गनीमत रही कि आईएएस मनीषा पवार साइबर ठगों का शिकार होने से बच गई. सूत्र बताते हैं कि आईएएस मनीषा पवार को कोरियर कंपनी से फोन आया. फोन करने वाले ने बताया कि आपके पार्सल को कस्टम ने रोक लिया है. पार्सल में अवैध वस्तु होने के कारण बांद्रा पुलिस ने मुकदमा भी दर्ज किया है. आईएएस मनीषा पवार ने फौरन बसंत विहार थाने में शिकायत की.






**कॉल कर आईएएस से ठगी की कोशिश**

देहरादून की एसपी सिटी सरिता डोबाल ने बताया कि आईएएस मनीषा पवार को मंगलवार को ब्लूडार्ट कोरियर की ओर से फोन आया था. फोन करने वाले ने बताया कि मुंबई से मलेशिया के लिए बुक किया गए पार्सल को मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम ने रिजेक्ट कर दिया है. आपके खिलाफ बांद्रा थाने में एक मुकदमा दर्ज कर लिया गया है. आईएएस को मुकदमे की अपराध संख्या एम 1045/0923 भी बताई गई. आईएएस मनीषा पवार का कहना है कि उन्होंने ऐसा कोई पार्सल या कोरियर मलेशिया के लिए बुक नहीं कराया है.

**पुलिस को साइबर अपराधियों पर संदेह**

एसपी सिटी ने बताया कि आईएएस की शिकायत पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है. उत्तराखंड पुलिस ने मुंबई में बांद्रा थाने के सीनियर इंस्पेक्टर संजय मराठे से बात की. उन्होंने बांद्रा थाने में आईएएस के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने से इंकार किया. उन्होंने कहा कि मुकदमे की अपराध संख्या महाराष्ट्र पुलिस नहीं देती है. इसलिए उत्तराखंड पुलिस को लग रहा है कि साइबर अपराधियों की करतूत भी हो सकती है. देहरादून पुलिस धोखाधोड़ी की कोशिश के मामले को गंभीरता से ली रही है.

# देहरादून में लग रहा है रोजगार मेला, मौके पर मिलेगी जॉब

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 15 सितम्बर : बेरोजगार युवाओं के लिए काम की खबर है। बताया जा रहा है कि सितंबर माह में देहरादून में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले के तहत करीब 40 से ज्यादा कंपनियों की अलग-अलग सेक्टर में 1500 भर्तियां निकाली गई हैं। इसमें 10वीं, 12वीं पास या ग्रेजुएट बेरोजगार युवा अपनी शैक्षणिक योग्यता के अनुसार आवेदन कर सकते हैं। जिससे युवाओं को हाथों हाथ सीधी नौकरी मिल सकेगी। जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से आगामी 15 सितंबर को रोजगार मेले का आयोजन किया है। इसमें निजी कंपनियां युवाओं का साक्षात्कार लेंगी, और रोजगार देंगी। मेले के लिए युवा सेवायोजन कार्यालय में रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।




बताया जा रहा है कि मेले में करीब 40 निजी कंपनियां शामिल होंगी। अगर आप इन कंपनियों में काम करने के इच्छुक हैं, तो आप ऑफलाइन माध्यम से देहरादून के परेड ग्राउंड के नजदीक स्थित सेवायोजन कार्यालय में जाकर आवेदन कर सकते हैं।इसके लिए आपको अपना रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। वहीं, आधार कार्ड, पैन कार्ड, 10वीं और 12वीं के सर्टिफिकेट, स्थायी निवास प्रमाण पत्र के साथ आप मेले से पहले कार्यालय जाकर रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।अभ्यर्थियों को अपने साथ अनिवार्य रूप से अपना बायोडाटा (Resume) मूल प्रमाण पत्रों, उनकी छायाप्रति, इस कार्यालय में पंजीयन कार्ड, पासपोर्ट फोटो एवं आईडी प्रूफ लाना होगा। जिससे आप इन भर्तियों के लिए अप्लाई कर सकते हैं।

# IPS प्रमेन्द्र डोभाल को चमोली पुलिस स्टाफ ने दी शानदार विदाई



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमोली , 15 सितंबर , उत्तराखड पुलिस के आईपीएस प्रमेन्द्र डोबाल का पुलिस अधीक्षक चमोली से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार स्थानान्तरण होने पर पुलिस कार्यालय स्थित सभागार में समस्त थाना/शाखा प्रभारी/पुलिस लाईन/पुलिस कार्यालय स्टाफ की उपस्थिति में भाव-भीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मगणों द्वारा आदेश-निर्देशों का पालन कर कतर्व्यनिष्ठता एवं टीम वर्क के साथ किये गये कार्यों की सराहना की गयी।

जनपद में जनजागरूकता कार्यक्रम के साथ-साथ UPWWA के अन्तर्गत पुलिस परिवार के बच्चों एवं महिलाओं द्वारा भी प्रत्येक कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किये जाने की बात कही। पुलिस अधीक्षक चमोली के पद पर रहते हुए जनपद को नशा मुक्त बनाने की पहल सराहनीय रही, उन्होंने कहा कि देश के भविष्य युवाओं को नशे के दलदल से बचाने के लिए जनपद स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाने के साथ-साथ नशा तस्करों पर लगातार कार्यवाही की गयी,

पुलिस अधीक्षक ने वर्तमान में बढ़ रहे साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु जनपद में साइबर जागरुकता अभियान चलाने के साथ ही साइबर फ्रॉड कर रहे कई शातिर अपराधियों को गैर प्रान्त से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।इस वर्ष विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा के प्रारम्भ होने पर श्री बद्रीनाथ धाम एवं हेमकुण्ड साहिब में के कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा एवं विगत वर्षों से काफी अधिक संख्या में यात्रियों का आगमान हुआ। वर्ष 2023 में अब तक रिकार्ड 12 लाख 65 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने श्री बद्रीनाथ धाम एवं 01 लाख 52 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने श्री हेमकुंड साहिब दर्शन किये गये हैं।

प्रमेन्द्र डोबाल के कुशल नेतृत्व में जनपद पुलिस द्वारा विषम परिस्थितियों में भी श्रद्धालुओं को सुगम, सुचारू और सुरक्षित यात्रा कराई गयी, जिसकी प्रसंशा देशभर से आए श्रद्धालुओं के साथ-साथ विदेश से आये पर्यटकों द्वारा भी की गई। विदाई समारोह कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित अधि0/कर्मगणों द्वारा महोदय मृदुभाषी, सहनशील एवं उदार स्वभाव के पुलिस अधिकारी होने की बात बताते हुए उनके साथ किये गये कार्यो का अनुभव व्यक्त किया। साथ ही नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाओं के साथ भाव-भीनी विदाई देकर विदा किया।

समारोह कार्यक्रम में पुलिस उपाधीक्षक चमोली प्रमोद शाह, पुलिस उपाधीक्षक कर्णप्रयाग अमित सैनी, पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशन नताशा सिंह, जिला कमाण्डेन्ट श्यामेन्द्र कुमार शाहू, प्रतिसार निरीक्षक आनन्द सिंह रावत, निरीक्षक अभिसूचना ईकाई सचिन चौहान, यातायात निरीक्षक प्रवीण आलोक सहित जनपद के समस्त अधिकारी/कर्मगण मौजूद रहे।

# हल्द्वानीः 'मैं जा रहा हूं, आपस में लड़ना मत लिखकर 19 साल के लड़के ने की खुदकुशी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 15 सितंबर : हल्द्वानी में 19 साल के युवक ने पारिवारिक कलह से तंग आकर मौत को गले लगा लिया। जी हां, आत्महत्या करने से पहले युवक ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया था, जिसमें उसने लिखा ₹मैं जा रहा हूं, आपस में लड़ना मत'। युवक का शव घर में ही लटका हुआ मिला है। यह अनुमान लगाया जा रहा है कि युवक ने आत्महत्या की है।



प्राथमिक दौर पर मामला आत्महत्या से जुड़ा हुआ लग रहा है। मिली गई जानकारी के मुताबिक मौत को गले लगाने वाला 19 साल का युवक नैनीताल रोड पर स्थित वेलेजली कॉलेज में रहता था। वह कारों की डेंटिंग-पेंटिंग का काम करता था। ऐसा बताया जा रहा है पारिवारिक कलह के चलते अक्सर उसके घर में विवाद होता रहता था। बीती रात को भी उसके घर में किसी बात को लेकर मामूली सी कहासुनी हो गई थी जिससे युवक काफी परेशान हो गया था और उसी रात उसने पंखे से लटककर खुदकुशी कर ली।

बीते दिन देर सुबह तक जब युवक सो कर नहीं उठा तो उसके परिजन उसके कमरे में गए। परिजनों ने पुलिस को बताया कि जब उन्होंने कमरे के दरवाजे को जैसे ही खोला तो उन्हें अपने बेटे की लाश मिली। पुलिस के अनुसार युवक ने आत्महत्या से पहले इंस्टाग्राम में एक पोस्ट भी अपलोड की है, जिसमें उसने कहा है कि "मैं जा रहा हूं, आपस में लड़ना मत". इस घटना से मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# आईपीएस दलीप सिंह कुँवर को दून पुलिस स्टाफ ने दी शानदार विदाई





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 15 सितंबर, पुलिस उपमहानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून रहे पुलिस उपमहानिरीक्षक अभिसूचना के पद पर स्थानांतरित दलीप सिंह कुंवर के सम्मान में पुलिस लाइन देहरादून में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान उपस्थित अधिकारियों द्वारा निवर्तमान डीआईजी/ एसएसपी देहरादून के साथ उनके कार्यकाल के दौरान अपने अनुभवों को साझा करते हुए उनके आम जनता के प्रति भावनात्मक लगाव को एक प्रेरणा स्रोत बताते हुए उनसे प्रेरणा लेने की सीख दी। साथ ही अपराध एवं कानून व्यवस्था की विषम परिस्थितियों में भी निर्णय लेने की क्षमता तथा जीवटता की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान निवर्तमान पुलिस उपमहानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून ने देहरादून में अपने कार्यकाल के दौरान अधीनस्थ अधिकारियों से मिले सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया साथ ही सभी अधिकारियों को आमजन की समस्याओं के प्रति बेहद संवेदनशील एवं सहयोगात्मक होने की अपेक्षा की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें भावभीनी विदाई दी साथ ही भविष्य में भी उनका इसी प्रकार मार्गदर्शन मिलने की अपेक्षा की।

विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक यातायात, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, पुलिस अधीक्षक नगर, पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, पुलिस अधीक्षक दूरसंचार, जनपद देहरादून के समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी व अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# यह कैसा विशेष सत्र

'खोदा पहाड़, निकली चुहिया और वह भी मरी हुई...।' संसद के विशेष सत्र की घोषित कार्यसूची पर यह कहावत सटीक बैठती है। मोदी सरकार ने अचानक संसद सत्र की घोषणा की थी, जबकि मानसून सत्र 11 अगस्त को ही स्थगित किया गया था। परंपरा के मुताबिक अब शीतकालीन सत्र आना है। सरकार या तो घोषित करे कि शीतकालीन सत्र नहीं होगा। फिर सवाल है कि लेखानुदान कब पारित किया जाएगा? संपूर्ण बजट तो नई सरकार बनने के बाद ही पारित किया जा सकता है। यदि पारित आर्थिक बजट नहीं होंगे, तो सरकार खर्च कैसे चलाएगी और सरकारी अफसरों, कर्मचारियों के वेतन कैसे दिए जाएंगे? संवैधानिक वर्ग के पदेन चेहरों के वेतन-भत्ते भी लटक कर रह जाएंगे। हमारी व्यवस्था संसदीय कार्यवाही और उसके निर्णयों पर ही आश्रित है। बहरहाल 13 सितंबर को संसद सत्र की कार्यसूची जारी की गई। 17 सितंबर को सर्वदलीय औपचारिक बैठक है। इसी दिन प्रधानमंत्री का जन्मदिवस और 'विश्वकर्मा जयंती' है। प्रधानमंत्री नए संसद भवन पर राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगा' फहराएंगे। ध्वजारोहण के बाद ही संसद में कामकाज शुरू होगा, क्योंकि देश के 'फ्लैग कोड' के मुताबिक, किसी भी सरकारी इमारत को राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद ही यह दर्जा मिल पाता है। 18 सितंबर से संसद का विशेष सत्र आरंभ होगा। हालांकि यह संयुक्त अधिवेशन के बजाय 'संयुक्त आयोजन' के रूप में आहूत किया जाएगा। उस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी उपस्थित रह सकती हैं। इसे राष्ट्रपति की 'गरिमामय मौजूदगी' कहा गया है। गणेश चतुर्थी 19 सितंबर को नए संसद भवन में कामकाज आरंभ किया जाएगा। बहरहाल सत्र में कुल चार बिल पारित किए जाने हैं। इनमें मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य दो आयुक्तों की नियुक्ति और सेवा-शर्तों वाला बिल है, जिसे मानसून सत्र में लोकसभा में पेश किया गया था। इस संदर्भ में देश के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और संवैधानिक पीठ का भारत सरकार पर दबाव था कि चुनाव आयुक्तों को चुनने की एक संवैधानिक प्रक्रिया होनी चाहिए। सरकार अपनी मर्जी से किसी को भी चुनाव आयुक्त नहीं बना सकती। सर्वोच्च अदालत का सुझाव था कि प्रधानमंत्री, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और प्रधान न्यायाधीश मिलकर चयन करें कि कौन चुनाव आयुक्त के पद पर नियुक्त किया जा सकता है। मोदी सरकार ने इस फॉर्मूले को खारिज कर अपना ही पैनल बनाया है, जिसमें प्रधानमंत्री, कैबिनेट मंत्री और नेता प्रतिपक्ष होंगे। कोई भी कैबिनेट मंत्री प्रधानमंत्री की मानसिक पसंद और उनके फैसले के खिलाफ जाने का दुस्साहस कैसे कर सकता है? लोकसभा में फिलहाल नेता प्रतिपक्ष नहीं है।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**
**संपादक :** मौ.सलीम सैफी, **कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002, **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094
**Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
**न्याय क्षेत्राधिकार :** जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# 22 से 27 अक्टूबर तक देहरादून में अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम : झरना कमठान




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून दिनांक 15 सितम्बर ' मेरी माटी मेरा देश'' अभियान के अन्तर्गत अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम को जनपद में आयोजन को लेकर मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान ने रेखीय विभाग के सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। 30 सितम्बर तक सभी ग्राम पंचायतों/वार्ड के प्रत्येक घर से मिट्टी अथवा चावल एकत्रित कर कलश में रखगें, जिस हेतु उन्होंने जिला पंचायतराज अधिकारी एवं सम्बन्धित अधिकारियों को रोस्टर बनाकर कल से ही कार्यक्रम आयोजित करने तथा कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने तथा स्थानीय परम्परा एवं लोक संस्कृति के तहत आयोजित करने के निर्देश दिए।

आयोजित बैठक में मुख्य विकास अधिकारी कमठान ने जानकारी देते हुए कहा कि 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान कार्यक्रम के आयोजन हेतु भारत सरकार के निर्देशों के क्रम में ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत एवं नगर निकाय में वार्ड स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये जाने है। कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत/वार्ड के प्रत्येक घर से मिट्टी अथवा चावल एकत्र कर अमृत कलश में रखा जायेगा । मिट्टी और चावल एकत्र करते समय स्थानीय परम्परा के अनुसार ढोल, नगाड़े एवं अन्य वाद्य यंत्रों ध्वनि एवं स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मिट्टी एवं चावल के एकत्रीकरण के समय उपस्थित जन समूह को पंचप्रण शपथ दिलाई जाएगी।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि 1 से 13 अक्टूबर 2023 तक ग्रामीण क्षेत्रों में विकासखण्ड एवं नगर निकायों में नगर पंचायत, - नगर पालिका, नगर निगम अन्य स्तर पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक वार्ड/ पंचायत के घरों से एकत्र की गयी मिट्टी एवं चावल से भरे अमृत कलश पूर्व से विनिर्दिष्ट स्थानों पर लाये जायेंगे । कलश की मिट्टी या चावल को मिलाकर उसे सांकेतिक रूप से सामूहिक मानते हुए एक बड़े कलश में रखा जायेगा। मिट्टी अथवा चावल को मिलाने का यह कार्यक्रम उत्सव के रूप में मनाया जायेगा। विकासखण्ड मुख्यालय एवं नगर निकाय मुख्यालय स्तर पर वीरों के सम्मान हेतु कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे तथा विकासखण्ड एवं नगर निकाय मुख्यालय स्तर पर वीरों के सम्मान को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा, जिसमें महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी

मुख्य विकास अधिकारी ने 22 से 27 अक्टूबर 2023 तक जनपद देहरादून (राजधानी) में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के सम्बन्ध में रेखीय विभागों के अधिकारियों को कार्यक्रम की रूपरेखा समझाते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सभी विकासखण्डों एवं नगर निकायों से लाये गये अमृत कलश किसी एक विनिर्दिष्ट स्थान पर रखे जायेंगे। माननीय मुख्यमंत्री एवं अन्य गणमान्य की उपस्थिति में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करते हुए अमृत कलश को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम हेतु रवाना किया जायेगा।

उन्होंने संस्कृति विभाग एवं युवा कल्याण विभाग, पंचायतीराज विभाग, आवास एंव शहरी विकास विभाग, परिवहन विभाग व सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग के अधिकारियों को आयोजित होने वाले कार्यक्रम हेतु दिए गए निर्देशों को अक्षरशः अनुपालन करने को कहा। साथ ही कहा कि सभी विभागीय अधिकारी आपस में समन्वय करते हुए कार्यक्रम को सफलता पूर्वक आयोजित करने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण विक्रम सिंह, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, जिला पंचायतीराज अधिकारी विद्याधर सोमनाल, सहायक निदेशक सूचना बी.सी नेगी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी श्री ओझा सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# बांधों की सुरक्षा व जल प्रबंधन पर हो रहा है मंथन : महाराज

## महाराज ने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में किया राज्य का प्रतिनिधित्व

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून/जयपुर , 15 सितंबर , प्रदेश के सिंचाई, लोक निर्माण, पर्यटन, मंत्री सतपाल महाराज ने जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जयपुर, राजस्थान में ₹बांध सुरक्षा₹ पर प्रारम्भ हुए दो दिवसीय ₹अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन₹ में प्रतिभाग किया। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय का जल संसाधन नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग का जयपुर राजस्थान में 14 से 15 सितंबर को बांध सुरक्षा पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का गुरुवार को शुभारंभ किया गया। सम्मेलन में जहां एक और विभिन्न राज्यों के सिंचाई मंत्री भाग ले रहे हैं वहीं प्रदेश के सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज इस सम्मेलन में प्रतिभाग कर उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

इस दो दिवसीय सम्मेलन में बांधों की सुरक्षा के साथ-साथ जल प्रबंधन और अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा हो रही है। सम्मेलन में दुनिया भर से इंजीनियर, नीति-निर्माता, उद्योग जगत के प्रतिनिधि, शिक्षक एवं अनुसंधान संस्थान, बांध सुरक्षा विशेषज्ञ समेत बांध मालिक भी भाग ले रहे हैं। सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि इस सम्मेलन का उद्देश्य एक दूसरे के अनुभव साझा करने, तकनीकी प्रगति, बांध सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नवीन दृष्टिकोण विकसित करने और संभावित सहयोग हेतु एक बेहतरीन मंच उपलब्ध करवाना है। इसके अलावा सम्मेलन में कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संगठन प्रदर्शनी के माध्यम से बांधों और उनसे जुड़े कार्यों से संबंधित अपनी तकनीक, उत्पादन, उपकरणों और सेवाओं का प्रदर्शन भी कर रहे हैं।

सिंचाई मंत्री महाराज ने कहा कि उत्तराखंड सरकार ने राज्य में बांध सुरक्षा अधिनियम 2021 को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने हेतु बांध सुरक्षा पर राज्य बांध सुरक्षा समिति (SCDS) और राज्य बांध सुरक्षा संगठन (SDSO) का गठन किया गया है। जो लगातार बांधों की सुरक्षा हेतु समय-समय पर दिशा निर्देश जारी करने के साथ-साथ उनका अनुसरण भी करवा रही है। कार्यक्रम में त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा, उत्तर प्रदेश के सिंचाई मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, सिक्किम के जल संसाधन मंत्री भीम हैंग लिंबू भी प्रतिभाग कर रहे हैं।



# उच्च शिक्षा में प्रवेश से वंचित नहीं रहेगा कोई छात्र : डॉ. धन सिंह रावत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 15 सितम्बर , सूबे की विषम भौगोलिक परिस्थितियों एवं अन्य कारणों से उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश लेने से वंचित रह गये छात्र-छात्राओं को प्रवेश के लिये एक और मौका दिया जायेगा। प्रवेश से वंचित छात्र-छात्राओं का नजदीकी महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में ऑफलाइन पंजीकरण कराने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दे दिये गये हैं। ऑफलाइन पंजीकरण छात्र-छात्राओं को अंतिम मौका देते हुये एक बार पुनः समर्थ पोर्टल खोला जायेगा।

सूबे के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने अपने शासकीय आवास पर उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने विभिन्न कारणों से उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश से वंचित रह गये छात्र-छात्राओं को अंतिम मौका देने को कहा। उन्होंने बताया कि विद्यालयी शिक्षा परिषद की परीक्षाफल सुधार परीक्षा में उत्तीर्ण 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं, केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में प्रवेश से वंचित छात्रों एवं अन्य कारणों से प्रवेश न ले पाने वाले छात्र-छात्राओं को राज्य विश्वविद्यालयों एवं राजकीय महाविद्यालयों में प्रवेश दिलाने के लिये ऑफलाइन पंजीकरण कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दे दिये गये हैं। ऑफलाइन पंजीकरण कराने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या के आधार पर एक सप्ताह के लिये अंतिम बार समर्थ पोर्टल खोल दिया जायेगा ताकि संबंधित महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय अपने यहां पंजीकृत छात्रों का पोर्टल पर ऑनलाइन डाटा अपलोड कर सकेंगे। बैठक में अपर सचिव उच्च शिक्षा आशीष श्रीवास्तव, निदेशक उच्च शिक्षा प्रो. सी.डी. सूंठा, संयुक्त निदेशक डॉ. ए.एस. उनियाल अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**नये महाविद्यालयों के भवनों को शीघ्र मिलेगी भूमि :**

सूबे के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज शासकीय आवास पर नव सृजित राजकीय महाविद्यालयों को भूमि आवंटन को लेकर विभागीय बैठक ली। जिसमें संबंधित जनपदों के जिलाधिकारियों एवं उप जिलाधिकारियों एवं संबंधित महाविद्यालयों के प्राचार्यों ने वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया। विभागीय मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने प्रदेश में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये प्रत्येक ब्लॉक में नये महाविद्यालयों स्थाना की है। जिनमें से कई महाविद्यालयों को भूमि उपलब्ध करा दी गई है, जबकि कुछ महाविद्यालयों को अभी तक भूमि आवंटित नहीं हो पायी है। जिसको लेकर संबंधित जनपदों के जिलाधिकारियों एवं विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर शीघ्र भूमि उपलब्ध कराने के निर्देश दे दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही राजकीय महाविद्यालय खाड़ी (टिहरी), मोरी (उत्तरकाशी), रामगढ़ (नैनीताल), देहरादून शहर, भोपतवाला (हरिद्वार), नानकमत्ता (ऊधमसिंह नगर) एवं राजकीय महाविद्यालय हल्द्वानी शहर को भूमि उपलब्ध करा दी जायेगी।



# सपने में इन 10 चीजों का दिखना है बेहद शुभ

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 15 सितंबर , स्वप्न शास्त्र के अनुसार, अक्सर रात देखा जाने वाला सपना कुछ न कुछ संकेत जरूर देता है। शास्त्रों के जानकार बताते हैं कि सपने भविष्य में होने वाली हर अच्छी-बुरी घटनाओं का पूर्व संकेत देते हैं। कुछ स्वप्न तो बेहद बुरे होते हैं, जिन्हें देखकर अक्सर लोग भयभीत हो जाते हैं। वहीं कुछ स्वप्न ऐसे होते हैं, जिसके संकेत बेहद शुभ माने गए हैं। दरअसल कुछ सपने भविष्य में धनवान होने का भी पूर्व संकेत देते हैं। ऐसे में चलिए जानते हैं सपनों से मिलने वाले उन शुभ संकेतों के बारे में जो आपको धनवान बना सकते हैं।

**सपने में तोता**

स्वप्न शास्त्र के अनुसार, सपने में तोता का दिखना एक शुभ संकेत है। दरअसल यह स्वप्न संकेत देता है कि आने वाले समय में अमीर बनने की संभावना प्रबल है। इसके अलावा यह स्वप्न धन लाभ का भी पूर्व संकेत देता है।

**सपने में नेवला**

सपने में नेवला दिखना शुभ संकेत माना जाता है। स्वप्न शास्त्र के अनुसार, अगर किसी को सपने में नेवला दिखता है तो यह इस बात का संकेत है कि सोने-हीरे और आभूषणों की प्राप्ति होने वाली है। ऐसे में अगर सपने में तोता दिखता है तो समझ जाइए कि जल्द ही अमीर बनने वाले हैं।

**सपने में मधु**

मक्खीअगर कोई सपने में मधुमक्खियों के छत्ते को देखता है तो यह शुभ है। दरअसल इस स्वप्न का अर्थ है कि जल्द ही कहीं से धन की प्राप्ति होने वाली है। यह स्वप्न नौकरी-व्यापार में उन्नति का भी संकेत देता है।

**सपने में चींटी**

स्वप्न शास्त्र के अनुसार, सपने में चींटियों का दिखने से धन की प्राप्ति होती है। यह एक शुभ स्वप्न है, जो इस बात का पूर्व संकेत देता है कि आने वाले समय में अकूत धन लाभ होने वाला है।

**सपने में पेड़ पर चढ़ना**

अगर कोई व्यक्ति सपने में खुद को पेड़ पर चढ़ते हुए देखता है, तो यह इस बात का संकेत देता है कि धन की प्राप्ति होने वाली है। इसके साथ ही यह स्वप्न अचानक धन लाभ का भी संकेत देता है।

**पहाड़ पर चढ़ना**

स्वप्न शास्त्र के अनुसार, सपने में पहाड़ पर चढ़ना एक शुभ स्वप्न है। अगर कोई सपने में खुद को पहाड़ पर चढ़ते हुए देखता है तो यह इस बात की ओर इशारा करता है कि आने वाले में धन की स्थिति सुदृढ़ रहने वाली है।

फलों से लदा पेड़ देखना

सपने में फलों से लदा पेड़ देखना एक शुभ स्वप्न है। अगर आपको भी सपने में फलों से लदा पेड़ दिखा है तो यह समझ जाएं कि सुख-समृद्धि और धन में वृद्धि होने वाली है। साथ ही रोजगार में भी उन्नति होने वाली है।

**मरी हुई चिड़िया दिखना**

स्वप्न शास्त्र के अनुसार, सपने में मरी हुई चिड़िया को देखना शुभ है। यह स्वप्न इस बात का पूर्व संकेत देता है कि आने वाले समय में जबरदस्त धन लाभ होने वाला है। इसके साथ ही जीवन में अपार सफलता प्राप्त होने वाली है।

**सपने में दूध दिखना**

सपने में दूध का दिखना सोई हुई किस्मत को चमकाने का संकेत देता है। अगर कोई व्यक्ति सपने में दूध पीते हुए देखता है तो यह इस बात का संकेत है कि आपने वाले समय में जबरदस्त आर्थिक सफलता हाथ लगने वाली है। जिसके अमीर बनने की संभावना प्रबल रहती है।

**सपने में बिच्छू दिखना**

स्वप्न शास्त्र के मुताबिक, अगर आप सपने में बिच्छू देखते हैं तो यह शुभ संकेत की ओर इशारा करता है। यह स्वप्न संकेत देता है कि आपको धन की प्राप्ति हो सकती है।

